जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 वर्षः 50 संख्याः 139 प्रभात कोटा, सोमवार 3 मार्च, 2025 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## पूर्व सेबी चीफ माधवी बुच के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश

### विशेष एसीबी अदालत ने कहा कि वह स्वयं जांच की निगरानी करेगी

मुंबई, 02 मार्च। मुंबई की एसीबी अदालत ने पूर्व सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच और 5 अन्य के खिलाफ कथित शेयर बाजार धोखाधड़ी और नियामक उल्लंघनों के आरोप में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। अदालत ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरी (एसीबी) वर्ली को आदेश दिया कि वह माधबी पुरी बुच, ऑल टाइम मेंबर्स अश्विनी भाटिया, अनंत नारायण, कमलेश चंद्र वर्श्नेय, बीएसई के सीईओ सुंदररमन राममूर्ति और पूर्व चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करें।

विशेष एसीबी अदालत के न्यायाधीश, शशिकांत एकनाथराव बांगड़ ने पारित आदेश में कहा, " इन व्यक्तियों के खिलाफ नियमों में चूक और मिलीभगत के प्रथम दृष्टया सबूत मिले हैं, इसलिए इसमें एक निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है।"अदालत ने कहा कि वह जांच की निगरानी करेगी। 30 दिनों के भीतर मामले की स्थिति रिपोर्ट मांगी है।

- **न्यायाधीश शशिकांत एकनाथ राव बांगड ने आदेश में लिखा कि बुच व 5 अन्य के खिलाफ नियमों में चूक व मिलीभगत के प्रथम दृष्टया सबूत मिले हैं, इसलिये एक निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है।**

अदालत के आदेश में यह भी जिक्र किया गया कि पांचों आरोपियों के खिलाफ जो आरोप लगे हैं वह संज्ञानीय अपराध की प्रकृति के हैं, जिसके लिए जांच की आवश्यकता है।

कोर्ट ने कहा, "कानून प्रवर्तन (एजेंसियों) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की निष्क्रियता के कारण दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के प्रावधानों के तहत न्यायिक हस्तक्षेप की आवश्यकता है।"

इस केस के शिकायतकर्ता ने आरोपियों के खिलाफ कथित जांच की मांग की थी। शिकायतकर्ता एक मीडिया रिपोर्टर हैं और उन्होंने कहा है कि इस मामले में बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी, नियामक उल्लंघन और भ्रष्टाचार शामिल हैं।

आरोप में कहा गया है कि एक कंपनी थी, 1992 के सेबी अधिनियम और उसके तहत नियमों और विनियमों के अनुपालन के बिना स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग की गई थी। आरोप में कहा गया है कि इस लिस्टिंग में नियामक एजेंसियां, खास तौर से सेबी की सक्रिय मिलीभगत रही है।

शिकायतकर्ता ने दावा किया कि सेबी के अधिकारी अपनी वैधानिक जिम्मेदारी निभाने में नाकामयाब रहे हैं। आरोप लगाया गया है कि सेबी ने बाजार में हेरफेर को शह दी और एक ऐसी कंपनी को लिस्टिंग की इजाजत दी जो तय मानदंडों को पूरा नहीं करती थी।

शिकायतकर्ता ने कहा कि पुलिस स्टेशन और संबंधित नियामक निकायों से कई बार संपर्क करने के बावजूद, उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## केन्द्रीय मंत्री खडसे की पुत्री से मेले में छेड़छाड़

जलगांव, 02 मार्च। एक चौंकाने वाली घटना में महाराष्ट्र के जलगांव में रविवार को अज्ञात लोगों ने केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे की बेटी के साथ छेड़छाड़ की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह घटना उस समय हुई,जब खडसे की बेटी अपने दोस्तों के साथ शहर के मुक्ताईनगर इलाके में एक यात्रा (मेला) में गयी थी, जहां अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर उसके साथ छेड़छाड़ की। सुरक्षा गार्डों के प्रयासों के बावजूद अपराधी मौके से भाग निकले।

घटना के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री, महिला कार्यकर्ताओं और लड़कियों के साथ आक्रामक रुख अख्तियार करते हुए

- **सुरक्षा गार्डों के प्रयास के बावजूद अपराधी मौके से भाग गये।**

अज्ञात अपराधियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस थाने पहुंची।

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे ने घटना की निंदा की और इस पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं केवल मुक्ताईनगर में नहीं बल्कि पूरे राज्य में हो रही हैं। उन्होंने कहा, जब मेरी पोती ने मुझे इस बारे में बताया तो मैंने उसे खुद जाकर शिकायत करने को कहा। ऐसी घटनाओं में लड़कियां शिकायत दर्ज कराने से डरती हैं, इसलिए मैंने उसे भेजा। जब पुलिस ने इन अपराधियों को रोका तो उन्होंने पुलिस के साथ भी मारपीट की।

## किसानों को 5 रुपये में बिजली का स्थायी कनेक्शन मिलेगा

### मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री ने कहा कि यह योजना पहले मध्य क्षेत्र में लागू की जायेगी

भोपाल, 02 मार्च। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को किसानों को बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश के किसानों को 5 रुपये में बिजली का स्थायी कनेक्शन मिलेगा। योजना मध्य क्षेत्र में सबसे पहले लागू की जाएगी। इसके बाद पश्चिम क्षेत्र में इसका विस्तार होगा। मुख्यमंत्री राजधानी भोपाल में आयोजित किसान सम्मान आभार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा- सरकार इस बजट में किसानों को सोलर पंप के माध्यम से बिजली के झंझट से मुक्त करने की प्लानिंग कर रही है। उन्होंने कहा कि अगले तीन साल में 30 लाख सोलर पंप दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सोलर एनर्जी उत्पादन करने वाले किसानों से सरकार बिजली भी खरीदेगी। अभी खेतों के लिए स्थायी बिजली का कनेक्शन

- **मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि तीन साल में राज्य में 30 लाख सोलर पंप दिये जायेंगे।**

लेने के लिए किसानों को मोटी रकम देने पड़ती है। मध्य प्रदेश में खेती के लिए किसानों को स्थायी और अस्थाई कनेक्शन मिलता है। स्थायी कनेक्शन लेने वाले के लिए किसानों को कम से कम 7500 रुपये देने पड़ते हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, मध्य प्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है और यहां किसानों की ही सरकार है। किसानों की बिजली आवश्यकता को पूरा करने के लिए उन्हें मात्र 5 रुपये में बिजली कनेक्शन दिया जाएगा। कंपनी दर कंपनी, इसको अलग क्षेत्रों से होते हुए पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों को इसके लिए व्यवस्था करने और तत्काल लागू करने के लिए निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2003 तक प्रदेश में गेहूं खरीदी का सरकारी दाम मात्र 447 रुपये था, जिसे बढ़ाकर हमने 2600 रुपए तक पहुंचाया है। धान उपार्जन करने वाले किसानों को भी इसी सत्र से उनकी फसल का दाम 4000 रुपये क्विंटल मिलने लगेगा। जिओलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया के माध्यम से कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की कोशिश की जा रही है। दूध पर बोनस देकर किसानों की आमदनी बढ़ाने की मंशा सरकार की है। प्रदेश की सभी निकायों में गौशाला बनाई जाएंगी। इसके लिए दिए जाने वाले खर्च को भी दोगुना किया जा रहा है। उन्नत कृषि के लिए अच्छे बीच लाए जाएंगे।

## प्र.मंत्री मोदी ने रमज़ान महीने की शुरुआत पर शुभकामनायें दी

नयी दिल्ली, 02 मार्च। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को रमजान का महीना शुरू होने पर लोगों को शुभकामनायें देते हुये इस अवसर समाज में शांति और सद्भाव की कामना की है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, रमज़ान का

- **उन्होंने कहा कि यह पवित्र महीना आत्मचिन्तन, कृतज्ञता और आस्था का प्रतीक है।**

पवित्र माह शुरू हो रहा है, उम्मीद है कि यह हमारे समाज में शांति और सद्भाव लेकर आयेगा। यह पवित्र महीना आत्मचिंतन, कृतज्ञता और आस्था का प्रतीक है, साथ ही यह हमें करुणा, दया और सेवा के मूल्यों की याद दिलाता है।

## ट्रम्प के साथ विवाद पर ज़ैलैंस्की से सार्वजनिक माफी चाहता है अमेरिका

### मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ज़ैलैंस्की के रवैये से अमेरिकी राष्ट्रपति अपमानित महसूस कर रहे हैं

मॉस्को, 2 मार्च। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प का प्रशासन वाइट हाउस में एक बैठक के दौरान हुए विवाद के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ैलैंस्की से सार्वजनिक माफी चाहता है। ब्लूमबर्ग ने एक अज्ञात यूरोपीय अधिकारी के हवाले से यह खबर दी है।

ज्ञातव्य है कि वॉशिंगटन में शुक्रवार को ट्रम्प और ज़ैलैंस्की के बीच मुलाकात हुई थी जो बाद में तकरार में बदल गई। "फॉक्स" न्यूज के अनुसार बैठक में दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी, जिसमें ट्रम्प ने ज़ैलैंस्की पर आरोप लगाया था कि वह रूस के साथ शांति वार्ता में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इस पर यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा था कि यूक्रेन को रूस के साथ शांति वार्ता में सहयोग करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया, ट्रम्प ने गरमा-गरम बहस के बाद ज़ैलैंस्की को "बाहर निकाल दिया"।

- **अमेरिका और यूक्रेन के राष्ट्रपतियों की वार्ता में हुई गहमा-गहमी के बाद ट्रम्प ने ज़ैलैंस्की पर आरोप लगाया कि वे रुस के साथ शांति वार्ता में सहयोग नहीं कर रहे। दूसरी और ज़ैलैंस्की ने कहा कि यूक्रेन को रुस के साथ शांति वार्ता में सहयोग करने के लिये मजबूर नहीं किया जा सकता।**

अमेरिकी राष्ट्रपति ने ज़ैलैंस्की के रवैये से अपमानित महसूस किया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच दुर्लभ पृथ्वी धातुओं पर एक समझौते पर हस्ताक्षर रद्द कर दिया गया।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्क रुबियो ने 'सीएनएन' के साथ एक साक्षात्कार में यूक्रेन के राष्ट्रपति से ट्रम्प के साथ अपनी बैठक के बाद माफी मांगने का आग्रह किया है। विदेश मंत्री ने कहा, ज़ैलैंस्की को अपने व्यवहार के लिए माफी मांगनी चाहिए, जिसने बैठक को "फियास्को" में बदल दिया। ट्रम्प यूक्रेन और रूस के बीच शांति वार्ता को बढ़ावा देना चाहते हैं, लेकिन ज़ेलेंस्की के व्यवहार ने इस प्रयास को पटरी से उतार दिया है।

## परिसीमन पर स्टालिन की बैठक में अन्नाद्रमुक शामिल होगी

### पांच मार्च को चेन्नई में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक का भाजपा व एनटीके बहिष्कार करेंगे

चेन्नई, 2 मार्च। केंद्र सरकार द्वारा किए जाने वाले प्रस्तावित परिसीमन पर चर्चा के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा 05 मार्च को आहूत सर्वदलीय बैठक में मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक और पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) शामिल होंगे , जबकि भाजपा और नाम तमिझार काची (एनटीके) इसका बहिष्कार करेंगे।

सर्वदलीय बैठक बुलाने का निर्णय कुछ दिन पहले राज्य मंत्रिमंडल की

- **तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन से जनसंख्या वृद्धि को सफलतापूर्वक नियंत्रित करने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा उनके राज्य को दंडित किया जा रहा है।**

बैठक में लिया गया था और इसकी घोषणा स्टालिन ने की थी, जिन्होंने कहा था कि जनसंख्या के आधार पर केंद्र द्वारा प्रस्तावित परिसीमन की कसरत से तमिलनाडु में लोकसभा सीटें कम हो जाएंगी।

उन्होंने जनसंख्या डेटा पर आधारित इस कसरत पर आपत्ति जताई क्योंकि तमिलनाडु को आठ सीटों का नुकसान होगा, जिससे उसकी कुल सीटें 39 से घटकर 31 हो जाएंगी, जबकि उत्तरी राज्यों को अधिक संख्या में सीटें मिलने वाली हैं और दक्षिणी राज्य बुरी तरह प्रभावित होंगे।

स्टालिन ने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से जनसंख्या वृद्धि को सफलतापूर्वक नियंत्रित करने के लिए उन्हें केंद्र द्वारा दंडित किया जा रहा है।

इस प्रमुख मुद्दे पर भविष्य की कार्रवाई पर चर्चा करने के लिए स्टालिन ने कहा कि पांच मार्च को एक सर्वदलीय बैठक होगी और इसके लिए भारत के चुनाव आयोग से मान्यता प्राप्त कुल 40 राजनीतिक दलों को निमंत्रण भेजा गया है।

अन्नाद्रमुक और पीएमके जैसे कई विपक्षी दलों ने बैठक में भाग लेने के लिए अपनी सहमति व्यक्त की है, जबकि, भाजपा और एनटीके ने इसका बहिष्कार करने का फैसला किया है।

## मणिपुर में जनता ने स्वेच्छा से 42 हथियार सौंपे

इंफाल, 02 मार्च। मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान जनता ने स्वेच्छा से इंफाल पश्चिम, चुराचांदपुर, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर और तामेंगलोंग जिला पुलिस के समक्ष कुल 42 विभिन्न प्रकार के हथियार, विभिन्न गोला-बारूद, युद्ध सामग्री और अन्य वस्तुएं सौंप दीं। पुलिस ने रविवार को कहा कि हथियारों में 303 राइफल, डीबीबीएल, एसबीबीएल, ग्रेनेड, 32 पिस्तौल (देशी), पोम्पी बंदूक, वॉकी टॉकी, इंसास राइफल मैगजीन, 7.62 मिमी घातक राइफल शामिल हैं।

इसके अलावा, इम्फाल पश्चिम जिले के लमशांग-पीएस के तहत सैरेमखुल क्षेत्र से एक 5.56 मिमी इंसास

- **सुरक्षा बलों ने पहाड़ी श्रृखलाओं में 15 एकड़ में उगाई जा रही अवैध अफीम की फसल भी नष्ट की।**

एलएमजी, एक मैगजीन के साथ 5.56 मिमी गोला-बारूद के 20 राउंड, एक एके -56 राइफल सहित अन्य हथियार बरामद किए गए। सुरक्षा बलों और वन प्रभाग, तेंगनौपाल के एसडीएम की उपस्थिति में खुदेई लाइफाम की पहाड़ी श्रृंखलाओं में अवैध अफीम को नष्ट किया गया। साथ ही, तेंगनौपाल पुलिस थाना क्षेत्र में, 15 एकड़ में अवैध रूप से उगाई गई अफीम की फसल को भी नष्ट किया गया। इसके अलावा, सुरक्षा बलों ने कांगपोकपी जिले की पहाड़ियों में स्थित दो अवैध बंकरों को भी ध्वस्त कर दिया। मणिपुर पर्वत श्रृंखला के कांगपोकपी और इंफाल पूर्वी जिलों के समीपवर्ती क्षेत्रों में तीन अन्य अवैध बंकरों को ध्वस्त कर दिया गया।

## 'थकी हुई नीतीश सरकार जनता के हित में निर्णय नहीं ले पा रही'

पटना, 2 मार्च। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि सरकार में इच्छा शक्ति हो तो बेहतर प्लान के साथ सब के हित में काम हो सकता है लेकिन नीतीश सरकार एक थकी हुई सरकार है, जो जनता के हित में निर्णय नहीं ले पा रही है। यादव ने रविवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश कार्यालय स्थित कर्पूरी सभागार में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार सरकार कैसे काम कर रही है, यह नीति आयोग की रिपोर्ट से ही स्पष्ट होता है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार शिक्षा, चिकित्सा, कृषि के क्षेत्र में बिहार फिसड्डी है। पलायन और शिक्षा की बदहाली से लोग काफी परेशान हैं लेकिन इस दिशा में सरकार के स्तर से कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप

- **तेजस्वी यादव ने कहा कि नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार शिक्षा, चिकित्सा, कृषि के क्षेत्र में बिहार फिसड्डी है।**

लगाया कि बिहार में भ्रष्टाचार, अपराध, गरीबी और बेरोजगारी से आम लोग तंग आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री कुछ करने की बजाय हमेशा अपना पुराना टेप रिकॉर्डर बजाते रहते हैं और वर्ष 2005 के पहले की बातें ही बार-बार दोहराते हैं। यादव ने विधानसभा में सोमवार को पेश होने वाले बजट में राज्य की सभी महिलाओं के लिए प्रति माह 2500 रुपये की मदद देने तथा वृद्धावस्था, दिव्यांगता और विधवा पेंशन की राशि को 400 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये किए जाने की घोषणा करने की मांग की।

## 'मेरे जिन्दा रहने तक पार्टी में कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा'

### मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया

लखन, 02 मार्च। उत्तर प्रदेश में कभी राज करने वाली बसपा में आज घमासान चल रहा है। रविवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने बड़ा फैसला सुनाया। उन्होंने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया। आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ के निष्कासन के बाद उनका यह दूसरा बड़ा फैसला है। वहीं उन्होंने आकाश के भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को बड़ी जिम्मेदारी दी। दोनों को नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। इस मौके पर मायावती ने कहा कि अब मेरे जिंदा रहने तक कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। पार्टी और मूवमेंट के हित में रिश्ते नातों का कोई महत्व नहीं है।

बसपा सुप्रीमो ने कहा, अब मैंने

- **मायावती ने पहले आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निकाला था। अब उन्होंने आकाश के भाई आनंद कुमार और रामजी को नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया है।**
- **उन्होंने कहा, 'मेरे लिये पार्टी व मूवमेंट पहले है। भाई-बहन व उनके बच्चे व अन्य रिश्ते नाते आदि बाद में हैं।**

खुद भी यह फैसला लिया है कि मेरे जीते जी व मेरी आखिरी सांस तक भी अब पार्टी में मेरा कोई भी उत्तराधिकारी नहीं होगा। इस फैसले का पार्टी के लोगों ने दिल से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए पार्टी व मूवमेन्ट पहले है। भाई-बहन व उनके बच्चे तथा अन्य रिश्ते नाते आदि सभी बाद में हैं।

मायावती ने कहा कि आनन्द कुमार के बारे में मैं यह भी अवगत कराना चाहती हूं कि वर्तमान में बदले हुए हालात में, पार्टी व मूवमेन्ट के हित में अब इन्होंने अपने बच्चों का रिश्ता भी गैर-राजनैतिक परिवार के साथ ही जोड़ने का फैसला लिया है ताकि अशोक सिद्धार्थ की तरह अब आगे कभी भी अपनी पार्टी को किसी भी प्रकार से कोई नुकसान आदि ना हो सके।

मायावती ने कहा कि अशोक सिद्धार्थ, जो आकाश आनन्द के ससुर भी है, को अब पार्टी व मूवमेन्ट के हित में पार्टी से निकाल कर बाहर किया है जिसने उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में पार्टी को दो गुटों में बांटकर इसे कमजोर करने का घिनौना कार्य किया है, जो कतई बर्दाश्त करने लायक नहीं है।

मायावती ने कहा, जहां तक इस मामले में आकाश आनन्द का सवाल है तो आपको यह मालूम है कि अशोक सिद्धार्थ की लड़की के साथ इनकी शादी हुई है। आकाश आनन्द को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से अलग कर दिया गया है। जिसके लिए पार्टी नहीं बल्कि पूर्ण रूप से इसका ससुर अशोक सिद्धार्थ ही जिम्मेदार है, जिसने पार्टी को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ आकाश आनन्द के राजनीतिक कैरियर को भी खराब कर दिया है।

उन्होंने पार्टी के लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा, जब तक मैं जिन्दा रहूंगी तो तब तक मैं अपनीआखिरी सांस तक भी अपनी पूरी ईमानदारी व निष्ठा से पार्टी को आगे बढ़ाने का हर सम्भव पूरा-पूरा प्रयास करती रहूंगी।

## सड़क दुर्घटना में 3 मजदूर मरे 8 घायल

मुरादाबाद, 02 मार्च। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में नेशनल हाईवे-09 पर रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में एक तरफ खड़े हुए खराब कैंटर में दूसरे वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें चालक व दो महिलाओं सहित 11 मजदूर कुचल गए। हादसे में तीन की मौत हो गयी एवं आठ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आधिकारिक पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज तड़के चार बजे एक कैंटर वाहन दिल्ली से, लखीमपुर-खीरी जिले के दस मजदूरों को लेकर लखीमपुर-खीरी जा रहा था। मुरादाबाद कटघर थाना

- **खड़े हुए कैंटर से एक अज्ञात वाहन की भीषण टक्कर में तीन मजदूर कैंटर के नीचे दब गये।**

क्षेत्र स्थित कल्याणपुरा के समीप नेशनल हाईवे-09 पर पहुंचने पर कैंटर रास्ते में अचानक ख़राब हो गया। वाहन में सवार तीन लोग कैंटर को पीछे की ओर धकेल रहे थे कि पीछे से एक अन्य वाहन ने टक्कर मार दी, और तीनों मजदूर कैंटर के नीचे दबकर मर गए। इनके अलावा कैंटर में सवार चालक सहित आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। सभी मजदूर दिल्ली से मजदूरी कर अपने घर वापस लखीमपुर-खीरी जा रहे थे। कैंटर में टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से भाग गया।